जे. एस. हिन्दू (पी. जी.) कॉलेज, अमरोहा

साहू जगदीश सरन स्टडी सेंटर

<u>समाजशास्त्र (नेट/पीजीटी परीक्षा): **Quiz 6**</u>

Developed by: **Dr. Anurag Kumar Pandey & Dr. Jitendra Kumar**

दिनांक: 02/04/2022 **समय:** शाम 04:30–05:30 **प्रश्न:** 50 (100 अंक)

1. कार्ल मार्क्स का जन्म हुआ था?

क: जर्मनी (✓) ख: अमेरिका

ग: फ्रांस घ: इटली

2. निम्नलिखित में से कौन सा कथन मार्क्सवादी समाजवाद के बारे में सही नहीं है?

क: पूँजी एक चोरी है

ख: राज्य समाप्त हो जाएगा

ग: राज्य सभी के हितों को बढ़ावा देता है (✓)

घ: राज्य अमीरों का पक्षधर है, न कि गरीबों का

3. मार्क्स ने हीगल से उधार लिया है?

क: भौतिकवादी दर्शनशास्त्र ख: मूल्य का श्रम सिद्धांत

ग: राज्यविहीन समाज का विचार घ: द्वन्द्वात्मक विधि (✓)

4. समाजशास्त्रीय कल्पना (Sociological Imagination) की अवधारणा किसने दी है?

क: कार्ल मार्क्स ख: सी. राइट मिल्स (✓)

ग: मैक्स वेबर घ: एलेक्स इंकेल्स

5. किस विद्वान ने समाजशास्त्र को 'समस्त विज्ञानों की रानी' माना तथा इसके अनुयायियों को 'वैज्ञानिक पुजारी' की संज्ञा प्रदान की?

क: सेंट साइमन ख: इमाइल दुर्खीम

ग: अगस्त कॉम्ट (✓) घ: हर्बर्ट स्पेन्सर

6. किसे समाजशास्त्र की माता (Mother of Sociology) के नाम से जाना जाता है?

क: हैरिएट मार्टेन्यू (✓) ख: सिमेन द बोउवार
ग: मेरियन वेबर घ: वूलस्टोवक्राफ्ट

7. किसने समाजशास्त्र में एनोमी (Anomie) की अवधारणा प्रस्तुत किया?

क: कार्ल मार्क्स ख: इमाइल दुर्खीम (✓)
ग: रॉबर्ट मर्टन घ: सी. राइट मिल्स

8. विश्वविद्यालयों द्वारा बेरोजगारी को रोकना किस प्रकार का प्रकार्य है?

क: अप्रकट प्रकार्य (Latent) (✓) ख: प्रकट प्रकार्य (Manifest)
ग: दुष्प्रकार्य घ: अकार्य

9. किसने समाजशास्त्र की व्याख्या ज्ञान की एक विशिष्ट शाखा के रूप में की?

क: अगस्त कॉम्ट (✓) ख: अरस्तू
ग: एडम स्मिथ घ: प्लेटो

10. मार्क्स के बौद्धिक साथी का नाम है?

क: फ्रेडरिक एंजिल्स (✓) ख: फारबाख
ग: हीगल घ: इमाइल दुर्खीम

11. 'The Division of Labor in Society' पुस्तक के लेखक हैं?

क: कार्ल मार्क्स ख: इमाइल दुर्खीम (✓)
ग: विलफ्रेड़ो परेटो घ: मैक्स वेबर

12. 'Principal of Sociology' पुस्तक के लेखक हैं?

क: हर्बर्ट स्पेन्सर (✓) ख: अगस्त कॉम्ट
ग: इमाइल दुर्खीम घ: मैक्स वेबर

13. किसका मत है कि ईश्वर एक महिमामंडित समाज है?

क: कॉम्ट ख: दुर्खीम (✓)
ग: परेटो घ: वेबर

14. किसने प्रतिस्पर्धा को 'शांतिपूर्ण संघर्ष' कहा?

क:	कॉम्ट	ख:	दुर्खीम
ग:	परेटो	घ:	वेबर (✓)

15. 'प्रस्थिति समूह' शब्द का प्रयोग किसने किया?

क:	कॉम्ट	ख:	दुर्खीम
ग:	परेटो	घ:	वेबर (✓)

16. स्पेन्सर किन दो समाजों की चर्चा विकास की अवधारणा में करते हैं?

क:	कृषिक तथा औद्योगिक	ख:	जनजातीय तथा औद्योगिक
ग:	लोक तथा औद्योगिक	घ:	सैनिक तथा औद्योगिक (✓)

17. निम्नलिखित में से किसने सामाजिक परिवर्तन में विचारों की भूमिका पर बल दिया है?

क:	मार्क्स	ख:	दुर्खीम
ग:	परेटो	घ:	वेबर (✓)

18. 'प्रत्याशित समाजीकरण' की अवधारणा प्रतिपादित किया?

क:	कार्ल मार्क्स	ख:	अगस्त कॉम्ट
ग:	इमाइल दुर्खीम	घ:	रॉबर्ट मर्टन (✓)

19. The social structure of values पुस्तक किसने लिखी है?

क:	राम कृष्ण मुखर्जी	ख:	राधा कमल मुखर्जी (✓)
ग:	महात्मा गांधी	घ:	डी. पी. मुखर्जी

20. सभी प्रकार के प्रतिमानों को तीन श्रेणियों (जनरीतियां रूढियां और कानून) किसने विभाजित किया है?

क:	बीरस्टीड (✓)	ख:	डेविस
ग:	समनर	घ:	यंग

21.घर के अंदर तथा बाहर ' कपड़े पहनकर रहना' निम्नांकित में से क्या है?

क: फैशन | ख: जनरीति

ग: लोकाचार (✓) | घ: परम्परा

22.हाथ धोकर खाना खाओ। यह निम्नांकित में से क्या है?

क: फैशन | ख: जनरीति (✓)

ग: लोकाचार | घ: परम्परा

23.सामाजिक मूल्यों की प्रकृति होती है?

क: तार्किक | ख: भावनात्मक (✓)

ग: प्रतीकात्मक | घ: भौतिकतावादी

24.मानदंड के प्रकार हैं?

क: निर्देशात्मक मानदंड | ख: दोनों (✓)

ग: निषेधात्मक मानदंड | घ: कोई नहीं

25.बीयरस्टेट ने मानदंड को भागों में बांटा है?

क: 11 | ख: 14 (✓)

ग: 12 | घ: 13

26.एक समाज से दूसरे समाज में सांस्कृतिक विशेषताओं को फैलने को सामान्यतः क्या कहते हैं?

क: प्रसरण (✓) | ख: संस्कृतिकरण

ग: विभेदीकरण | घ: संक्रमण

27.जब एक संस्कृति के प्रभाव से सारी जीवनशैली ही परिवर्तन की प्रक्रिया में हो, तो उसे कहते हैं?

क: संस्कृति संक्रमण (✓) | ख: सादृश्यीकरण

ग: प्रसरण | घ: समाजीकरण

28.संस्कृतिकरण की अवधारणा संबंधित है?

क:	प्राथमिक समूह से	ख:	संदर्भ समूह से (✓)
ग:	हित समूह से	घ:	तृतीयक समूह से

29.निम्नलिखित में से किसने परसंस्कृतिग्रहण के अध्ययनों में योगदान नहीं किया है?

क:	ऑगबर्न (✓)	ख:	रेडफ़ील्ड
ग:	लिंटन	घ:	हर्स्कोविट्स

30.जब सांस्कृतिक प्रतिमान एवं मूल्य पीढ़ी दर पीढ़ी संचारित होते हैं, तो वह प्रक्रिया कहलाती है?

क:	परसंस्कृतिग्रहण	ख:	सांस्कृतिक पुनरुत्पादन (✓)
ग:	सांस्कृतिक विसरण	घ:	सांस्कृतिक उद्दीपन

31.किसने मानव समाज की तीन अवस्थाओं जंगलीपन, बर्बरता तथा सभ्यता को चिह्नित किया?

क:	मॉर्गन (✓)	ख:	डार्विन
ग:	क्रोबर	घ:	स्पेन्सर

32.वह प्रक्रिया जिसमें दो समूह अपनी संस्कृतियों को इस प्रकार मिश्रित करते हैं ताकि वह एक हो जाए, उसे कहा जाता है?

क:	परसंस्कृतिग्रहण	ख:	आत्मसातकरण (✓)
ग:	एकीकरण	घ:	सम्मिश्रण

33.'Dimension of Modern Indian Culture' पुस्तक के लेखक कौन हैं?

क:	प्रमिला कपूर	ख:	डी.पी. मुखर्जी (✓)
ग:	नीरा देसाई	घ:	योगेन्द्र सिंह

34.'Culture Change in India' पुस्तक के लेखक हैं?

क:	टी.के. उम्मन	ख:	डी.पी. मुखर्जी
ग:	ए.जी. फ्रैंक	घ:	योगेन्द्र सिंह (✓)

35.किसने कहा है, ‘सभ्यता संस्कृति का अत्यधिक जटिल तथा विकसित स्वरूप है’।?

क: गिलिन तथा गिलिन (✓) ख: डेविस

ग: ओगबर्न घ: समनर

36.‘सांस्कृतिक पुनरुत्पादन’ की अवधारणा किसने विकसित की है?

क: ऑस्कर लेविस ख: रेडफ़ील्ड

ग: मैलीनोव्स्की घ: पियरे बोर्डियो (✓)

37.एक जनजाति द्वारा अपनी संस्कृति का पुनर्जागरण कहलाता है?

क: देशीयता (✓) ख: सात्मीकरण

ग: परसंस्कृतिग्रहण घ: समायोजन

38.संस्कृति प्रायः जानी जाती है?

क: असावयवी ख: सावयवी

ग: अधिसावयवी (✓) घ: सभी

39.निम्न कथनों में से कौन सा कथन गलत है?

क: संस्कृति एक वैयक्तिक तथ्य है (✓)

ख: संस्कृति मानव निर्मित है

ग: संस्कृति सामाजिक विरासत है

घ: संस्कृति सामूहिक चेतना का एक स्वरूप है

40.‘संस्कृति अनिवार्यतः मानव आवश्यकताओं का प्रत्युत्तर है’ किसका कथन है?

क: रेडफ़ील्ड ख: रेडक्लीफ़ ब्राउन

ग: लिंटन घ: मैलीनोव्स्की (✓)

41.कौन अभौतिक संस्कृति का उदाहरण नहीं है?

क: प्रथाएँ ख: संगीत वाद्य (✓)

ग: मानदंड घ: धार्मिक अनुष्ठान

42. ओगबर्न के अनुसार सांस्कृतिक विलंबना में क्या पिछड़ता है?

क:	भौतिक संस्कृति	ख:	अभौतिक संस्कृति (✓)
ग:	अधिकारीतंत्र	घ:	प्रौद्योगिकी

43. 'Social Change and Cultural Dynamics' पुस्तक के लेखक कौन हैं?

क:	वेबलेन	ख:	सोरोकिन (✓)
ग:	वेबर	घ:	ओगबर्न

44. 'संस्कृति प्रकृति का मानव निर्मित भाग है' किसका कथन है?

क:	मैलीनोव्स्की	ख:	होबेल
ग:	लिंटन	घ:	हर्स्कोविट्स (✓)

45. 'कल्चर थीम' की अवधारणा किसने प्रस्तुत की है?

क:	रूथ बेनेडिक्ट	ख:	मोरिस ओपलर (✓)
ग:	रॉबर्ट रेडफ़ील्ड	घ:	राल्फ लिंटन

46. जब कोई उप संस्कृति मुख्य संस्कृति को चुनौती देती है, तो उसे कहते हैं?

क:	प्रधान संस्कृति	ख:	स्वायत्त संस्कृति
ग:	उप संस्कृति	घ:	प्रति संस्कृति (✓)

47. 'सांस्कृतिक अवशेष' की अवधारणा का प्रतिपादन किसने किया?

क:	फ्रेंज बोआस	ख:	टायलर (✓)
ग:	हर्स्कोविट्स	घ:	एडवर्ड सापीर

48. संस्कृति प्रसार के जर्मन समुदाय या सांस्कृतिक घेरा संप्रदाय के प्रतिपादक कौन हैं?

क:	इलियट स्मिथ	ख:	विसलर
ग:	ग्रैबनर (✓)	घ:	पेरी

49.किसने संस्कृति संरूपण को दो भिन्न आत्माओं अपोलोनियन तथा डायनोशियन के माध्यम से बताया है?

क: राल्फ लिंटन   ख: हर्स्कोविट्स

ग: रूथ बेनेडिक्ट (✓)   घ: ओपलर

50.संस्कृति के प्रकार्यवादी दृष्टिकोण से कौन संबंधित है?

क: लिंटन   ख: मैलीनोव्स्की (✓)

ग: रेडफ़ील्ड   घ: बेनेडिक्ट